तापमान

अधिकतम 27.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

# हरिभूमि महासमुंद भूमि

रायपुर, सोमवार 10 नवंबर 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड





14 राम कथा महोत्सव में पधारे कथा व्यास...



14 राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के...


## खबर संक्षेप

### घोड़ारी चौक में एक व्यक्ति से मारपीट



**महासमुंद।** ग्राम घोड़ारी के चौक में एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के मामले में सिटी कोतवाली में आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस को पुनीतराम निवासी वार्ड नंबर 07 घोड़ारी ने बताया कि 6 नवंबर को दोपहर करीब 02 बजे घोडारी चौक में बैठा था। इसी दौरान गांव का खेमराज जांगड़े आया और पुरानी रंजिशवश गाली देने लगा। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया। मारपीट करने से उसके कमर, सीना, पेट में चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### मजदूरों का पलायन मामले में 1 गिरफ्तार

**महासमुंद।** मजदूरों को बिना अनुज्ञप्ति व पलायन पंजी में दो मजदूर दलाल के खिलाफ पुलिस में दर्ज किए बगैर बाहर भेजने के मामले बीएनएस की धारा 143, 3(5) के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर दलालों की तलाश की जा रही थी। जिसमें से एक मजदूर दलाल पुलिस गिरफ्त में है। मिली जानकारी के अनुसार आरोपियों में से एक रामदास दीवान को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया है, वहीं गंगाराम प्रजापति की खोजबीन की जा रही है। बता दें कि पिथौरा क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग 53 से होकर चलने वाली बसों में रोजाना मजदूरों को रायपुर भेजा जाता है, जहाँ से उन्हें ट्रेन व अन्य साधनों के जरिए राजस्थान, उत्तरप्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के ईंट भट्ठों में पहुंचाया जाता है।

# धान खरीदी की तैयारी, 182 उपार्जन केंद्रों के लिए 74 नोडल अधिकारी नियुक्त

## समर्थन मूल्य पर धान खरीदी 15 से, अवैध भंडारण व परिवहन पर निगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सहकारी समिति कर्मचारियों की हड़ताल के चलते धान खरीदी की तैयारी की व्यवस्था भी चरमराई हुई है। जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों में 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी होनी है। खरीदी के लिए बारदानों की व्यवस्था की जा रही है। धान खरीदी केंद्रों के संचालन, पर्यवेक्षण एवं नियंत्रण के साथ उपार्जित धान के भुगतान के लिए आवश्यक राशि, बारदाने एवं परिवहन की व्यवस्था सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने नोडल अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिले के 182 धान खरीदी केंद्रों के लिए जिला एवं अनुविभागीय स्तर के कुल 74 अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। नोडल अधिकारी अपने-अपने आवंटित केंद्रों में शासन द्वारा निर्देशित आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता और तैयारी सुनिश्चित करेंगे। धान खरीदी प्रारंभ होने से पूर्व नोडल अधिकारी केंद्रों का निरीक्षण कर निर्धारित चेकलिस्ट अनुसार सभी प्रारंभिक तैयारियां पूर्ण कराना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही धान खरीदी अवधि के दौरान प्रति सप्ताह एक बार निरीक्षण कर समर्थन मूल्य पर खरीदी प्रक्रिया का सही क्रियान्वयन, केंद्रों में धान स्टॉक तथा नए-पुराने बारदाने का सत्यापन करेंगे। संबंधित जानकारी निर्धारित पत्रक में जिला कार्यालय को भेजेंगे। जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को साप्ताहिक समय-सीमा बैठक में धान उपार्जन की स्थिति से अवगत कराना होगा।

### नियंत्रण कक्ष बनाया गया

जिले में समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के लिए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार जिले में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष विपणन संघ कार्यालय महासमुंद तथा जिला खाद्य अधिकारी कार्यालय महासमुंद में संचालित होगा। जिला स्तर पर नियंत्रण कक्ष प्रभारी के रूप में सहायक खाद्य अधिकारी मनीष यादव को नियुक्त किया गया है।



### भुरकोनी में 1265 बोरी धान जब्त

एसडीएम पिथौरा बजरंग अग्रवाल, नायब तहसीलदार एवं हल्का पटवारी की संयुक्त टीम ने दिनेश अग्रवाल के घर पर औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान लगभग 3000 बोरी धान भंडारित पाया गया। पूछताछ में दिनेश अग्रवाल ने 1735 बोरी धान के संबंध में कृषि उपज मंडी का सौदा पत्रक प्रस्तुत किया गया। शेष 1265 बोरी धान के संबंध में वैध दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए। राजस्व विभाग की टीम ने नियमानुसार 1265 बोरी धान को जब्त किया।

## समस्या: दर्जनों बार तैयार हुई पार्किंग की प्लानिंग लेकिन, हर बार हुई फेल

# बैंकों के बाहर पार्किंग नहीं, मुख्य मार्ग में बनी रहती है जाम की स्थिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के मुख्य मार्ग में स्थित अधिकतर बैंकों में पार्किंग की जगह ही नही है। इसके कारण यहां पहुंचने वाले ग्राहकों की वाहनें सड़क के किनारे से पार्किंग लाईन के बाहर तक खड़ी हो रही हैं। इसके कारण मुख्यमार्ग की चौड़ाई भी घटी रहती है और इन बैंकों के आसपास लगातार यातायात प्रभावित होता रहता है। शहर के प्रमुख बैंकों स्टेट बैंक, सेंट्रल बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एचडीएफसी, पीएनबी एक्सिस बैंक और अन्य शाखाओं के बाहर रोज़ाना पार्किंग को लेकर ग्राहकों को जद्दोजहद करनी पड़ती है। गलत तरीके से वाहन खड़ा करने के चलते चलते ट्रैफिक पुलिस को चालान करना पड़ता है। बावजूद इसके स्थिति जस की तस बनी हुई है। ग्राहकों को वाहन खड़ा करने की जगह नहीं मिलती, जिससे सड़क किनारे बाइक और कारों की लंबी कतारें लग जाती हैं। इससे, न केवल ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है बल्कि आसपास के दुकानदारों और राहगीरों को भी भारी परेशानी उठानी पड़ती है।



### व्यापारियों ने जताई नाराजगी

बाजार एरिया के व्यापारियों की मानें तो बैंक आने-जाने वालों की गाड़ियां दुकानों के सामने लग जाने से व्यापार प्रभावित होता है। दुकानदार विजय अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका और बैंक प्रबंधन को मिलकर वैकल्पिक पार्किंग स्थल तय करना चाहिए। कई बार पार्किंग के लिए प्लानिंग होने के बावजूद इसे लागू नही किया जा सका है।

### ग्राहकों की परेशानी बढ़ी

ग्राहकों का कहना है कि बैंक में काम से ज्यादा वक्त तो वाहन खड़ी करने की जगह तलाशने में लग जाता है। ग्राहक रेखा शर्मा ने कहा कि हर बार बैंक आने पर यही समस्या होती है। महिलाएं और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान होते हैं।

### पालिका दे रही है आश्वासन

नगर पालिका के अधिकारी अशोक सलामे ने बताया कि शहर के मुख्य मार्गों पर ट्रैफिक दबाव कम करने और पार्किंग की व्यवस्था सुधारने के लिए प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। बैंकों के पास चिन्हित पार्किंग स्थल बनाए जाने की योजना है।

### पुलिस भी परेशान

ट्रैफिक पुलिस की मानें तो बैंक के आसपास रोज़ गाड़ियां गलत तरीके से खड़ी की जाती हैं। कई बार समझाइश के बाद भी स्थिति नहीं सुधरती। यदि बैंक प्रबंधन स्वयं पार्किंग स्पेस की व्यवस्था करे तो समस्या काफी हद तक हल हो सकती है।

# राशन दुकानों में लटक रहा ताला हितग्राहियों पर उपजा खाद्य संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले की राशन दुकानों का ताला खुलना मुश्किल हो गया है। सहकारी कर्मचारियों की हड़ताल के कारण ऐसी स्थिति बनी है। 6 दिन से राशन दुकान पहुंचने वाले हितग्राही बैरंग लौट रहे हैं, खाद्यान्न की समस्या उत्पन्न होने लगी है। इससे बीपीएल ही नहीं एपीएल कार्डधारी भी प्रभावित हैं। मिली जानकारी के अनुसार कुल 593 राशन दुकानों 272 राशन दुकानें सहकारी समितियों के भरोसे संचालित हैं।

बता दें कि माह नवंबर के लिये सभी राशन दुकानों को मिलाकर कुल 101640.36 क्विंटल चावल बीपीएल हितग्राहियों के लिये तथा 10956.2 वन नेशन वन कार्ड के तहत एपीएल कार्डधारकों को लिये दुकानों में भंडारित किया गया। लेकिन, ऐसे में 362014 कुल राशन कार्डों में 322842 बीपीएल कार्डधारी हितग्राहियों तथा 39172 एपीएल कार्डधारियों को राशन नहीं मिलने की वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासतौर पर प्राथमिकता वाले राशन कार्ड तथा निराश्रित जनों के लिये सहकारी समिति कर्मियों की हड़ताल आफत बनकर आई है। कोई भूखा न रहे इस सोच के साथ सरकार गरीबों को खाद्यान्न उपलब्ध करा रही है। लेकिन, हड़ताल की वजह से आधे से अधिक राशन दुकानों में ताला जड़ा हुआ है। अब बाजार से 25 से 30 रूपये में गरीब असहाय चावल खरीदने के लिये मजबूर है। सोसायटी कर्मियों की हड़ताल लंबी चली तो स्थिति और खराब हो जायेगी। बाजार से चावल में खर्च किये रूपये के कारण अब रोज कमाने और रोज खाने वाले की जेब पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है।

### प्रशासन की ओर से नहीं आई प्रतिक्रिया

इधर, पिछले 6 दिनों से लोहिया चौक में जिले भर के सोसायटी कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं। ऐसे में 182 समितियों में लाइट, पानी, सफाई सहित धान के स्टेक के लिये आवश्यक व्यवस्थाएं बुरी तरह प्रभावित है। प्रशासन की ओर से हालाकि, इस बार सभी सोसायटियों में खरीदी शुरू होने के पूर्व ही बारदानों की व्यवस्था करा दी गई है। लेकिन, हमाल, रेजा, मजदूरों की व्यवस्था प्रभावित है। धान खरीदी को लेकर अब मात्र 11 दिन ही शेष रह गये हैं। इधर प्रशासन की ओर से अब तक किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया हड़ताल को लेकर सामने नहीं आई है।

# मुरुम ढो रहे हाइवा वाहनों को रोका पुलिस व अधिकारी मौके पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- ग्रामीण बोले : पहले अछोली रोड जर्जर हुआ अब पिरदा की बारी

ग्राम मालीडीह के ग्रामीणों ने शनिवार को पिरदा रोड से मुरूम परिवहन कर रहे 4 हाइवा ट्रकों को रोक कर धान खरीदी केंद्र परिसर में खड़ा किया। ग्रामीणों ने आक्रोश जाहिर करते हुए कहा कि सुबह से देर रात तक इस मार्ग से मुरुम परिवहन किया जाता है। इसी प्रकार भारी वाहनों के आवागमन के चलते भोरिंग अछोली रोड पूरी तरह जर्जर हो चुका है। भोरिंग सड़क जर्जर होने के बाद अब पिरदा रोड का उपयोग भारी वाहनों के परिवहन के लिए किया जा रहा है।

लगातार आवागमन व मुरुम परिवहन से आक्रोशित ग्रामीणों ने वाहनों को रोका फिर सूचना पर तुमगाँव पुलिस व खनिज विभाग की टीम तथा नायब तहसीलदार मोहित अमला मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को समझाइश देते हुए वाहन स्वामियों को हिदायत दी कि एक निश्चित समयं तक परिवहन कार्य करें। इस अवसर पर जिला पंचायत के पूर्व सभापति अमर चंद्राकर मौजूद थे। तुमगाँव थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। ग्रामीणों व वाहन स्वामियों के बीच पिरदा रोड में हाइवा संचालन के संबंध में चर्चा हुई है। भविष्य में यदि ग्रामीण शिकायत करते हैं, ती कार्रवाई की जाएगी।

# समाज के कमजोर वर्गों को निःशुल्क एवं सक्षम कानूनी सेवाएं प्रदान करना प्राधिकरण का उद्देश्य : आफरीन

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नालसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के स्टेट प्लान ऑफ एक्शन के तहत विशेष राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय दिवस पर आयोजित होने वाले शिविर व कार्यक्रम पर 9 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिता डहरिया के मार्गदर्शन पर जिला सहित तहसील मुख्यालयों के न्यायाधीशों तथा प्राधिकरण के अधिकार मित्रों द्वारा ग्राम पंचायतों, छात्रावासों सहित सार्वजनिक स्थानों में जाकर शिविर आयोजित किया गया। अधिकार मित्र हरिचंद ने बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए जाने वाले विधिक सेवा गतिविधियों जैसे विधिक सलाह, सहायता पर अधारित जानकारी नागरिको को प्रदान की गई। इसी तारतम्य में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव आफरीन बानो द्वारा पोस्ट मैट्रिक बालिका छात्रावास मचेवा तथा प्री मैट्रिक बालिका छात्रावास मौहारी भाठा में उपस्थित छात्राओं को विधिक सेवा संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पूरे देश में प्रतिवर्ष 9 नवंबर को मनाया जाता है। यह दिवस 9 नवंबर 1995 को लागू हुआ था। यह दिवस नागरिकों को विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम के विभन्न प्रावधानों और अधिकारों के बारे में जागरूक करने के लिए मनाया जाता है। जिस संबंध में सभी के लिए न्याय सुनिश्चित किया गया है और गरीबों तथा समाज के कमजोर वर्गो के लिए निःशुल्क कानूनी सहायता की व्यवस्था की गई है। समानता के आधार पर समाज के कमजोर वर्गो को सक्षम विधिक सेवाए प्रदान करने के लिए वर्ष 1987 में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम पास किया गया। इसी के तहत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) का गठन किया गया है, जो कानूनी सहायता कार्यक्रम लागू करने और उसका मूल्यांकन एवं उनके सतत निगरानी का कार्य कर लोगों को कानूनी सहायता एवं सलाह उपलब्ध कराती है। इसी प्रकार प्रत्येक राज्य में एक राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जिसके अंतर्गत उस राज्य के पूरे सभी जिलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील क्षेत्रों में तालुका विधिक सेवा समिति का गठन किया गया है। इसका कार्य नालसा की नीतियों और निर्देशों को कार्य रूप देना और लोगों को निःशुल्क कानूनी सेवाएं प्रदान कराना होता है। प्री मैट्रिक कन्या छात्रावास गुडरूपारा में प्रशिक्षु सिविल न्यायाधीश प्रियदर्शन गोस्वामी और अदित्य जैन द्वारा छात्राओं को विधिक जागरूकता थीम पर अधारित विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। इसी तरह अधिकर मित्र जितेन्द्र पटेल और राजकुमार पटेल ने सपोस, सलडीह, कंचनपुर चिखली, मोहित कुमार द्वारा ग्राम मचेवा, त्रिभुवन ध्रुव और वेदप्रकाश ने बागबाहरा, बॉबी गंडेचा द्वारा गुडरूपारा महासमुंद, राकेश मिश्रा और प्रकाश चौहान द्वारा लुकापारा, चट्टीगिरोला और बस्ती सरायपाली, धनंजय पटेल द्वारा दाबपाली, अनवरपुर, बरबसपुर में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।



जिला जेल महासमुंद में अधिकार मित्र हरिचंद साहू द्वारा राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस पर जेल में निरूद्ध बंदियों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिए जाने वाले निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता तथा प्राधिकरण द्वारा अपराधिक प्रकरणों में बंदियों को मिलने वाले लीगल एंड डिफेंस कांउसिल सिस्टम के माध्यम से अधिवक्ता नियुक्त के बारे में बताया गया।

## अखिलेश यादव ने समाज में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया

# बागबाहरा में अखिलेश का यादव समाज ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

ओडिशा प्रवास पर बागबाहरा पहुंचे समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का नगर में यादव समाज ने स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने समाज में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया।

रविवार को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ओडिशा प्रवास के दौरान बागबाहरा पहुंचे। उनके नगर आगमन पर यादव समाज ने उनका भव्य स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष यादव ने अपने संबोधन में शिक्षा को विकास की सबसे बड़ी कसौटी बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बिना किसी भी समाज के विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। समाज के होनहार बच्चों के लिए शिक्षा के क्षेत्र में समाज को आगे आकर मदद करने का आग्रह किया। उन्होंने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान भी किया।





इस अवसर पर प्रमुख रूप से यादव समाज से विधायक द्वारिकाधीश यादव, राजू यादव, राजेश कुमार यादव, जगदीश यादव, डुमन यादव, नंदलाल यादव, प्रीतम यादव, सुंदर यादव, भेखराम यादव, हरिशंकर यादव, राहुल यादव, मनोहर यादव, कन्हैया यादव, चरण यादव, पतित यादव, मंता यादव, प्रदीप यादव, कुबेर यादव, हेमलाल यादव, धरम यादव, सतीश यादव, बजरंगी यादव, हरिराम यादव, बलराम यादव, पन्ना यादव, केजू यादव, राजू यादव, कुंदन यादव, लालाराम यादव, मेघनाथ यादव, नंदकुमार यादव, सालिक राम यादव, हुमेश यादव, पीतांबर यादव, भुनेश्वर मलिक, नंदू यादव, सोनऊ यादव, बाबूलाल यादव, यशवंत यादव, लेखराम यादव, बलदेव यादव, धनेश यादव, मोहन यादव, भूषण यादव, पवन यादव, संतोष यादव सहित बड़ी संख्या में यादव समाज के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### किया सम्मान

बागबाहरा पहुंचे सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का सर्व यादव समाज ने गजमाला से स्वागत के साथ ही सम्मान किया। जिस पर राष्ट्रीय अध्यक्ष यादव ने स्थानीय विधायक द्वारिकाधीश यादव सहित यादव समाज का आभार जताया।

# जल्द ही विद्युत बल्ब की खरीदी नहीं तो करेंगे नपा का घेराव

## पार्षद निधि की राशि से करानी थी प्रकाश व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा : शहर के वार्डों में है पसरा अंधेरा

शहर के अधिकांश वार्डों में अंधेरा पसरा हुआ है। विद्युत पोलों में लाइट नहीं होने के कारण दीपावली जैसे त्यौहार में गली मोहल्लों में प्रकाश व्यवस्था ठप रहने का आरोप नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने लगाया और कहा कि दीपावली के पहले छग शासन के उपमुख्यमंत्री अरूण साव ने 2 माह पहले पार्षद निधि की राशि से प्रकाश व्यवस्था को दूरस्त करने का निर्देश सभी नगरीय निकायों को दिया जा चुका है कि पार्षद अपनी निधि के 25 प्रतिशत राशि से विद्युत संबंधी कार्य करा सकते हैं।



पालिका के कई पार्षदों ने अपनी निधि से पोल के लिए बल्ब खरीदी का लिखित में आवेदन 2 माह से कर चुके है। लेकिन, नगर पालिका के कानों मे जूं नहीं रेंग रही है। सीएमओ को कहा गया कि खरीदी में अगर समय लग रहा है भावपत्र से खरीद लिया जाए। लेकिन, अभी तक खरीदी नहीं हुई है। सीएमओ का कहना है कि जेम से खरीदी की आईडी नहीं बनी है। 1 माह से आईडी ही बना रहे है। जबकि, 2 दिन में आईडी बन जाती है। सीएमओ को पत्र लिखकर मांग की है कि पार्षदों द्वारा की गई मांग पर तत्काल विद्युत बल्ब खरीदें अन्यथा नगर पालिका कार्यालय में घेराव किया जाएगा। वर्तमान में जिन विद्युत पोल में बल्ब लगे हुए है, वो सभी 4 वर्ष की गारंटी के सीएफएल बल्ब है। गारंटी अवधि खत्म हो गयी है। अब उसे पालिका को मरम्मत कराना चाहिए, क्योंकि, सभी बल्ब बंद है। उनके चोक मरम्मत कराने से लाईट चालू हो जाएगी, लेकिन इस ओर किसी का ध्यान नहीं है।

## खबर संक्षेप

### प्रतिबंधित नशीली दवा बेचते धरा गया युवक

**रायपुर।** खम्हारडीह पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 280 नग प्रतिबंधित नींद की गोली जब्त की है। साथ ही युवक के कब्जे से बिक्री की रकम दो सौ रुपए जब्त किए हैं। पुलिस ने भूषण साहू को नींद की गोली बेचने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने सेंट जेवियर स्कूल के पास छापा मारकर भूषण को नींद की गोली बेचते गिरफ्तार किया है।

### गोठान में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी

**रायपुर।** अभनपुर थाने में एक सरपंच प्रतिनिधि ने अज्ञात चोर के खिलाफ गोठान में लगे सौर ऊर्जा के 18 हजार रुपए के मोटर पंप चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। अक्षय कुमार साहू ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुलिस को बताया कि अज्ञात चोर धनौद गोठान, जो चारों तरफ तार से घिरा है, अंदर प्रवेश कर वर्ष 2019 में सौर ऊर्जा से संचालित मोटर पंप चोरी कर ले गया।

### जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर कांग्रेस प्रवक्ता बनाने नेशनल टैलेंट हंट

**रायपुर।** कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जायेगा। कांग्रेस पूरे देश में कांग्रेस पार्टी नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसके माध्यम से पार्टी देश के युवाओं को जो कांग्रेस की रीति नीति विचारधारा में भरोसा रखते हैं उनको मंच प्रदान करेगी। उनमें क्षमता होगी तो जिले से लेकर प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का मौका मिलेगा। छत्तीसगढ़ में भी हम प्रतिभाशाली युवाओं से आवेदन करने के लिए आमंत्रित करते हैं, 21 नवंबर तक ऑन लाइन आवेदन कर के कोई भी युवा इस अवसर का लाभ ले सकता है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक चालक की मौत

**मगरलोड।** नयापारा से मगरलोड जाने वाले सड़क मार्ग में दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बाइक चालक मगरलोड निवासी गीतराम साहू की ट्रेक्टर के पहिये में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 7 नवम्बर शुक्रवार की रात्रि करीब 7 बजे नयापारा की ओर से रेत से भरे ट्रेक्टर ग्राम भेंडरी की ओर जा रहे थे। उधर से बाइक चालक गीतराम मगरलोड की ओर आ रहे थे। ट्रेक्टर चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी।

# दूसरे दिन भी प्रभावित रहा दिल्ली फ्लाइट का सफर, ज्यादातर लेट आई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दिल्ली एयरपोर्ट के एटीसी सिस्टम में आई खराबी का असर दूसरे दिन भी आवाजाही करने वाले विमानों पर नजर आया। संचालित होने वाली इंडिगो की सभी फ्लाइट आधे से डेढ़ घंटे विलंब से संचालित हुई। उधर एटीसी का बिगड़ा सिस्टम ठीक होने के बाद रविवार को विमानों की आवाजाही सामान्य होने की उम्मीद है।

दिल्ली एयरपोर्ट का एयर ट्रैफिक कंट्रोल सिस्टम की सेवा तकनीकी कारणों से बाधित हो गई थी। इसकी वजह से रायपुर समेत देश और विदेश की उड़ानों का संचालन प्रभावित हुआ था। दूसरे दिन शनिवार को भी विमानों की आवाजाही पर इसका असर नजर आया। दिल्ली से आने वाली ज्यादातर फ्लाइट लेट से रायपुर पहुंची तो उसकी वापसी भी देर से हुई। जानकारी के मुताबिक दिल्ली की सुबह 8.45 बजे आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से आधे घंटे, दोपहर 12.15 बजे संचालित होने वाला विमान 30 मिनट लेट से आया। दोपहर 2.20 बजे आने वाली फ्लाइट 3 बजे यानी अपने निर्धारित समय से 40 मिनट, दोपहर 1.45 वाली सवा 3 बजे, शाम साढ़े 5 बजे की फ्लाइट सवा 6 बजे, रात 8 बजे की फ्लाइट पौने 9 बजे और रात 9.20 की फ्लाइट रात्रि पौने 11 बजे रायपुर विमानतल पहुंची। सूत्रों के मुताबिक एटीसी सिस्टम में आई तकनीकी खराबी में सुधार होने के बाद रविवार से विमानों का संचालन सामान्य तरीके से होने की उम्मीद है।

## बिगड़ा सिस्टम सुधरा, आज से सामान्य होगी उड़ान



### गोवा की फ्लाइट साढ़े 4 घंटे लेट

शनिवार को गोवा से आने वाली फ्लाइट अपने निर्धारित समय से साढ़े 4 घंटे विलंब से रायपुर पहुंची। इसके अलावा अहमदाबाद-रायपुर की उड़ान सवा घंटे विलंब, इंदौर वाली फ्लाइट आधा घंटा, पुणे-रायपुर 1 घंटे, मुंबई-रायपुर फ्लाइट सवा घंटे विलंब से पहुंची। इन उड़ानों के विलंब से संचालित होने की कोई विशेष वजह स्पष्ट नहीं की गई है।

## रीडेवलपमेंट प्लान के लिए निगम ने किया था ऑनलाइन टेंडर

# पांच दशक पुराने नवीन बाजार को संवारने तीन एजेंसियां तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- केंद्र को भेजा जाएगा प्रस्ताव
- 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा, रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर होगा काम

राजधानी के फूल चौक स्थित पांच दशक पुराने नवीन बाजार को तोड़कर 6 मंजिला व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर योजना शाखा द्वारा इसका रीडेवलपमेंट प्लान तैयार कराया जा रहा है। निगम ने इसके लिए आर्किटेक्ट भी फाइनल कर लिया है। कंसलेंट चयन के लिए ऑनलाइन टेंडर किया गया, जिसमें दिल्ली, भुवनेश्वर और रायपुर की एजेंसी ने दिलचस्पी लेते हुए निविदा में भाग लिया है। सबसे कम दर भरने वाली एजेंसी को नवीन बाजार को संवारने का मौका मिलेगा। वहीं कंसलटेंट द्वारा तैयार किए गए प्रस्ताव को केंद्र सरकार के पास भेजा जाएगा।

पंडरी मार्केट की तर्ज पर नवीन बाजार की जमीन पर बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर बनेगा। 35 करोड़ का यह प्रोजेक्ट रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर तैयार होगा। वर्तमान में 2 एकड़ जमीन में दुकानें बनी हैं, जिसमें नगर निगम को हर साल राजस्व मिलता है, पर बाकी जगह पर कब्जा कर अवैध रूप से मकान व दुकानें बना ली गई हैं। यह जमीन सीमांकन कराने के बाद 4.5 एकड़ निकली है।

दरअसल, नगर निगम के आधिपत्य वाले नवीन बाजार की ढाई एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। इसे देखते हुए महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर निगम मुख्यालय और जोन 4 की टीम द्वारा गत दिनों संयुक्त रूप से सर्वे कराया गया। तहसील से सीमांकन रिपोर्ट मिलने के बाद योजना शाखा के माध्यम से डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराई गई। नए प्लान के दायरे में सभी पुराने निर्माण को तोड़कर अपने आधिपत्य की पूरी जमीन नगर निगम कब्जे में लेगा। नया मार्केट निर्माण होने पर मार्केट का दायरा दोगुना हो जाएगा।



### पुराने बाजार का होगा कायाकल्प, राजस्व बढ़ेगा

35 करोड़ के इस प्रोजेक्ट की ड्राइंग-डिजाइन तैयार कराने नगर निगम ने आर्किटेक्ट फाइनल कर लिया है। पुराने नवीन बाजार को आधुनिक व्यावसायिक परिसर का स्वरूप दिया जाएगा। हर सेक्टर के लिए एक बड़ा बाजार उपलब्ध कराने की योजना है। नवीन बाजार में सालों से व्यवसाय कर रहे पुराने व्यवसायिओं को व्यवस्थापन के तहत नियम अनुसार दुकानें आवंटित की जाएंगी। वहीं बची हुई दुकानों को नगर निगम सेलआउट करेगा। नए परिसर बनने से नगर निगम के राजस्व में अतिरिक्त वृद्धि होगी।

### पार्किंग के लिए मिलेगी पर्याप्त जगह, सड़क चौड़ी होगी

नवीन बाजार में सबसे बड़ी समस्या पार्किंग और सार्वजनिक प्रसाधन को लेकर है। प्लान के मुताबिक आधुनिक परियोजना के तहत नए परिसर का निर्माण करते समय दुकानों के हिसाब से वाहनों की पार्किंग के लिए पर्याप्त स्पेस रखा जाएगा। वहीं अवैध कब्जा हटाने के बाद यह सड़क पहले से और चौड़ी नजर आएगी। इससे फायदा ये होगा कि एमजी रोड, शारदा चौक, बंजारी मार्केट की तरफ योजना के मुताबिक नवीन मार्केट के पुनर्विकास से यह क्षेत्र व्यावसायिक परिसर के रूप में नजर आएगा।

### नए स्वरूप में होगा नवीन बाजार

नवीन बाजार को नया स्वरूप देने रेवेन्यू शेयरिंग मॉडल पर काम कराया जाएगा। इसके लिए रीडेवलपमेंट प्लान बनाया गया है। योजना शाखा ने कंसलटेंट चुनने ऑनलाइन टेंडर कर दिया है।
*- **मीनल चौबे,** महापौर, नगर निगम रायपुर*

# साइबर ठगी के तीन अलग-अलग मामलों में चार जालसाज गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पार्ट टाइम जॉब, शेयर ट्रेडिंग में लाभ का झांसा देकर जालसाजों ने की थी 98 लाख की ठगी

ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का झांसा देकर लोगों के साथ 98 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में रेंज साइबर पुलिस ने ऑपरेशन साइबर शिल्ड के तहत चार जालसाजों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश तथा आंध्रप्रदेश के जालसाज शामिल हैं। छत्तीसगढ़ के जिन दो जालसाजों को रेंज साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है, वो दोनो बलरमापुर के रहने वाले हैं।



रेंज साइबर पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महत्वपूर्ण दस्तावेज, बैंक विवरण और तकनीकी साक्ष्य जब्त किया है। तकनीकी विश्लेषण और बैंक ट्रांजेक्शन की ट्रैकिंग के आधार पर टीमों ने तीन अलग-अलग मामलों में मुख्य आरोपियों की पहचान कर पकड़ा है। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है।

**केस 1**

### शेयर ट्रेडिंग में 20 लाख की ठगी, ग्वालियर से गिरफ्तार

खम्हारडीह थाना में पृथ्वीराज सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने आरोपी की पहचान कर मध्यप्रदेश, ग्वालियर निवासी प्रयल अस्थाना (31) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कई बैंक खाते और दस्तावेज जब्त किए हैं।

**केस 2**

### आनलाइन पार्ट टाइम जाब के नाम पर 7.4 लाख की ठगी

दूसरा मामला थाना मुजगहन का है। यहां प्रार्थी युवराज पिस्दा ने बताया कि उससे आनलाइन पार्ट टाइम जाब के बहाने 7.4 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में सामने आया कि जालसाजों ने मुंबई के बैंक में खाता खुलवाकर फर्जी लेनदेन किया। पुलिस ने इस मामले में बलरामपुर, वाड्रफनगर निवासी नेहरू लाल (23), मयंक कुमार पटेल (33) को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी मुंबई ठग गिरोह के हिस्सा थे और विभिन्न आनलाइन जॉब पोर्टलों के माध्यम से लोगों को झांसा देते थे।

**केस 3**

### शेयर ट्रेडिंग में 71 लाख रुपए की ठगी आंध्रप्रदेश से गिरफ्तारी

तीसरा मामला थाना सरस्वती नगर का है, जहां प्रार्थी डाकेस्वर सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्हें शेयर ट्रेडिंग में अधिक लाभ का झांसा देकर 71 लाख रुपए की ठगी की गई। तकनीकी जांच में पता चला कि आंध्रप्रदेश, विशाखापट्टनम निवासी जयराम वाजेंदला (52) ने करंट अकाउंट खोलकर अन्य साथियों के साथ ठगी की रकम ट्रांसफर की थी।

## जगदगुरु नरेंद्राचार्य के सत्संग कार्यक्रम में 240 ने की धर्म वापसी

# बीमारियों से परेशान होकर बने ईसाई ठीक नहीं होने पर हिंदू धर्म में वापसी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के दही हांडी मैदान गुढ़ियारी में शनिवार को जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के प्रवर्चन कार्यक्रम में 240 लोगों ने अपने मूल हिंदू धर्म में वापसी की। इन सभी लोगों ने हिंदू धर्म को त्यागकर ईसाई धर्म अपना लिया था। इन सभी लोगों ने जगदगुरु महाराज नरेंद्राचार्य के समक्ष इच्छा जाहिर की थी, वे सभी अपने मूल सनातन धर्म में लौटना चाहते थे। सभी की इच्छानुसार जगदगुरु महाराज ने पूजा-पाठ, हवन तथा मंत्रोच्चार कर उनका शुद्धिकरण कर हिंदू धर्म में वापसी कराई। हरिभूमि ने लोगों से बातचीत की। इस बातचीत के दौरान पता चला कि ज्यादातर लोग अपने परिवार के किसी न किसी सदस्य की गंभीर एवं असाधारण बीमारी ठीक नहीं होने से परेशान होकर ईसाई धर्म अपनाया था, लेकिन धर्मांतरण के बाद भी जब बीमारी ठीक नहीं हुई, तो उन्हें धर्म त्यागने की गलती का एहसास हुआ और वे सभी अपना मूल धर्म अपना रहे हैं।

हरिभूमि लाइव

**केस- 1**

### दादा-दादी ने 12 वर्ष पहले अपनाया था ईसाई धर्म

सत्संग एवं शुद्धिकरण कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से लगे सीमावर्ती राज्य महाराष्ट्र के गोंदिया जिले के ग्राम घोनाडीह में रहने वाले कई धर्मांतरित परिवार भी पहुंचे थे। इनमें एक परिवार की दो बहनें भी पहुंची थीं, जिनमें एक स्तुती गावतुरे कक्षा 12वीं की छात्रा है, वहीं उसकी छोटी बहन आराधना कक्षा 9वीं की छात्रा है। स्तुती ने बताया कि उसके पैदा होने से पहले उसके दादा-दादी ने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, जिसके कारण उनके माता-पिता को भी यह धर्म अपनाना पड़ा था। यही वजह है कि उन्हें भी मजबूरी में क्रिश्चियन धर्म को मानना पड़ रहा था, लेकिन लगभग चार साल पहले उनके दादा-दादी को सनातन धर्म को त्याग करने की ▶▶| शेष पेज 13 पर

**केस- 2**

ग्राम केसाल राजनांदगांव निवासी गोविंद मरकाम खेती-किसानी करता है। उसने बताया कि उसकी पत्नी फुनेश्वरी और 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत हमेशा खराब रहती थी, जिससे परेशान होकर परिवार सहित क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था। धर्म परिवर्तन करने के सालभर बाद भी जब उसकी पत्नी की तबीयत में सुधार नहीं आया, तो उसने हिंदू धर्म में लौटने का मन बनाया। दंपति ने वापस सनातन धर्म अपनाया है।

**केस- 3**

ग्राम घोनाडीह जिला गोंदिया निवासी विनायक रामजी भोगरे एवं उसकी पत्नी सुनीता ने भी शुद्धिकरण कराकर सनातन धर्म में वापसी की है। इस दंपति ने बताया कि उसके 12 वर्ष के एक बच्चे को हृदय रोग था, जिससे वे परेशान थे। इस बच्चे की जान बच जाए इस खातिर उन्होंने क्रिश्चियन धर्म अपनाया था, लेकिन उसके बच्चे की जान बच नहीं पाई, बल्कि उसके 22 वर्षीय बड़े लड़के की भी मौत हो गई। इस घटना ने उन्हें एहसास कराया कि सनातन धर्म का त्याग नहीं करना था। यही कारण है कि दोनों ने मूल धर्म में वापसी की है।

**केस- 4**

ग्राम अकोला पेंदूरी मोहला-मानपुर निवासी ठाकुरराम पिद्दा एवं उसकी पत्नी ने भी हिंदू धर्म में वापसी की। ठाकुरराम ने बताया कि वह खेती-किसानी करता है तथा उसके 3 बच्चे हैं। उसकी पत्नी की तबीयत खराब होने से परेशान होकर उसने क्रिश्चियन धर्म अपना लिया था, लेकिन धर्म त्यागने से उसका परिवार खुश नहीं था।

**केस- 5**

ग्राम भखारा धमतरी निवासी चुम्मन साहू ने अपनी पत्नी वंदना एवं 8 वर्ष की छोटी बेटी के साथ सनातन धर्म में वापसी की। चुम्मन ने बताया कि करीब 5 वर्ष पहले उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। कई अस्पताल बदलने के बाद भी उसकी बीमारी ठीक नहीं हो पाई। इससे परेशान होकर उसने धर्म परिवर्तन किया था, लेकिन उसकी बीमारी जस की तस है, इसलिए अब उसने पुनः अपने मूल सनातन धर्म को अपनाया है।

# राज्योत्सव में जाने के विवाद पर दामाद ने सास का किया मर्डर

**रायपुर।** माना थाना क्षेत्र के बरौद, फोकटपारा में राज्योत्सव में शामिल होने जाने के विवाद पर एक व्यक्ति ने अपनी सास के चेहरे पर मुक्का मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसकी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सास पर हमला करने के बाद युवक फरार है। आरोपी को गिरफ्तार करने पुलिस उसके छिपने के संबंधित ठिकानों पर छापे की कार्रवाई कर रही है। पुलिस के अनुसार विरेंद्र कुमार कुर्रे ने अपनी सास राजबाई बांधे (65) की हत्या की है। घटना दिनांक को विरेंद्र अपने ससुराल पहुंचा था। विरेंद्र की पत्नी राज्योत्सव में जाने की जिद कर रही थी। इस बात को लेकर विरेंद्र अपनी ससुराल के लोगों के साथ विवाद करने लगा और किसी को राज्योत्सव में नहीं जाने की हिदायत दी। इस बात को लेकर विरेंद्र का अपने ससुराल वालों के साथ विवाद हुआ। विवाद के दौरान विरेंद्र अपनी पत्नी के बाल खींचकर मारने लगा। बीच बचाव करने राजाबाई आई, तो विरेंद्र ने उसका सिर पकड़कर चेहरे पर पांच-छह मुक्के जड़ दिए। मुक्का मारने से राजबाई बेहोश होकर गिर गई, चेहरा लहू लुहान हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई।





### राशन दुकानों में अब तक नहीं पहुंचा अनाज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश में सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) पूरी तरह अव्यवस्थित हो चुकी है। महीने की 8 दिन बीत जाने के बाद भी अधिकांश राशन दुकानों में पूर्ण मात्रा में अनाज नहीं पहुंच पाया है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि दुकानों में अभी तक राशन नहीं पहुंचने के कारण बहुत-सी दुकानें बंद हैं। उपभोक्ता इधर-उधर चक्कर काट रहे हैं, कई बार उपभोक्ताओं और दुकानदारों के बीच विवाद की स्थिति बन रही है। श्री अग्रवाल ने मांग की है कि प्रदेश की सभी राशन दुकानों में तत्काल अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और कांग्रेस सरकार के समय की तरह नियमित एवं समयपूर्व वितरण प्रणाली लागू की जाए, ताकि आमजनों को राहत मिल सके।

# शादी के बिन बुलाए मेहमान बने राजगढ़ के चोर, नोटों से भरा बैग पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादी सीजन शुरू होने के साथ ही मध्यप्रदेश, राजगढ़ के चोर गिरोह ने अपनी आमद दर्ज करा दी है। चोर गिरोह के शातिरों ने गुढ़ियारी स्थित एक मैरिज कार्यक्रम में कैश एक लाख, महंगे मोबाइल तथा उपहार में मिले गिफ्ट कैश से भरे पर्स चोरी कर ले गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस अपराध दर्ज कर घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।

नितेश राजपूत ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। नितेश ने पुलिस को बताया है कि छह नवंबर को वह परिवार के साथ साले पुष्पेंद्र गंजीर की शादी में शामिल होने के लिए गया था। शादी समारोह ओशो मैरिज गार्डन में आयोजित था। घटना दिनांक को शाम के समय आशीर्वाद समारोह में नितेश ने कैटरिंग तथा टेंट कर्मचारियों को देने के लिए एक लाख रुपए अपनी पत्नी नेहा को दिए थे। जिस पर्स में नेहा लोगों से मिले उपहार की राशि रख रही थी, उसी पर्स में उसने अपने पति द्वारा दिए गए कैश भी रख दिए।

## गुढ़ियारी थाना में सीजन में चोरी का पहला मामला दर्ज

### व्यस्तता का फायदा उठाकर पर्स चोरी कर ले गया चोर

नोटों से भरे पर्स में नेहा ने अपना मोबाइल रखकर एक कुर्सी पर रख दिया और किसी काम से उठकर गई। वापस आने पर उसने देखा, कुर्सी से पर्स गायब है। इसके बाद उसने इसकी जानकारी अपने पति को दी। नितेश तथा अन्य परिजन ने आसपास उपस्थित लोगों से पर्स के संबंध में पूछताछ की, लेकिन पर्स का पता नहीं चला। रात 10 से 11 बजे के बीच पर्स चोरी होने की घटना हुई है।


फाइल फोटो

### ठाठ ऐसा कि कोई पहचान न पाए

चोरी करने वाले जहां चोरी करने जाते हैं, वहां सूट-बूट पहनकर पहुंचते हैं। गिरोह में महिलाओं के साथ बच्चे भी शामिल रहते हैं। जो चोरी करता है, वह बैग अपने साथी को थमा देता है। इसके बाद चोर समारोह स्थल के बाहर अपने साथी को चोरी का माल थमा देता है। वह आदमी माल लेकर तत्काल राजगढ़ के लिए रवाना हो जाता है। यही कारण है कि पकड़े जाने के बाद भी गिरोह के लोगों से चोरी का माल बरामद नहीं होता।

### सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही

शादी समारोह में चोरी करने वाले गैंग को लेकर सभी थानों को अलर्ट किया गया है। गुढ़ियारी में चोरी की घटना की पड़ताल के लिए घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की जा रही है।
**- संजय सिंह,** डीएसपी क्राइम

## खबर संक्षेप

### सर्द हवाओं से गिरा तापमान

**धमतरी।** उत्तर दिशा से सर्द हवाओं के आगमन के साथ जिले में तापमान का पारा गिरने लगा है। उत्तर छत्तीसगढ़ के एक-दो पैकेट में शीतलहर चलने की संभावना है, वहीं मध्य छत्तीसगढ़ के तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। दक्षिण छत्तीसगढ़ में 1 से 2 डिग्री तापमान गिरने की संभावना है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में मौसम शुष्क रहेगा। अगले तीन दिनों में न्यूनतम तापमान में विशेष परिवर्तन की संभावना नहीं है। अगले 48 घंटे में दक्षिण छत्तीसगढ़ में न्यूनतम तापमान में 1 से 2 डिग्री की गिरावट आ सकती है। अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 28 से 15 डिग्री के आसपास बने रहने की संभावना है। रविवार को सबसे कम न्यूनतम तापमान 8.2 डिग्री सेल्सियस अम्बिकापुर में दर्ज किया गया है।

- अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान 28 से 15 डिग्री के आसपास रहने की संभावना

### बटंचीबाज युवक गिरफ्तार

**धमतरी।** पुलिस ने एक युवक को धारदार बटंची चाकू के साथ गिरफ्तार किया। युवक विंध्यवासिनी मंदिर के पास चाकू लहराकर लोगों को डरा रहा था। एसपी धमतरी के



निर्देश पर धमतरी पुलिस असामाजिक तत्वों के विरुद्ध निरंतर अभियान चला रही है। रविवार को भी पुलिस टीम पेट्रोलिंग पर निकली थी। इसी दौरान इतवारी बाजार के पास मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक बिलाईमाता मंदिर के समीप धारदार चाकू लहराते हुए राहगीरों को डरा धमका रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने रामबाग के पास दो स्वतंत्र गवाहों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर घेराबंदी की। आरोपी प्रफुल्ल कुमार गजबिये हाथ में स्प्रिंगनुमा धारदार बंटची चाकू लिए हुए मिला। आरोपी को गिरफ्तार कर धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### 395 पशुओं का टीकाकरण, 75 गौ पालकों को निःशुल्क दवा दी गई

**कोर्रा(भखारा)।** राष्ट्रीय सेवा योजना पचपेड़ी द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के माध्यम से ग्राम सिलघट में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। सिलघट के गौसेवक एवं कृषकों को पशुधन उपचार एवं निशुल्क दवाई का वितरण किया गया। ग्राम के पशुधन का टीकाकरण किया गया एवं पशुधन विकास पर जानकारी प्रदान की गई। शिविर के माध्यम 395 पशुओं का टीकाकरण किया गया। 38 पशुओं का उपचार, 75 गौपालकों को निःशुल्क दवा का वितरण किया गया।

# मासिक बैठक एवं दिवाली मिलन समारोह में जुटे छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक एवं दिवाली मिलन समारोह हुआ। जिसमें संघ के सदस्य बड़ी संख्या में जुटे। सबसे पहले नए सदस्य धनेश्वर प्रसाद सिन्हा पुलिस विभाग का अंगवस्त्र, श्रीफल, पुष्पहार एवं सदस्यता सम्मान पत्र से स्वागत किया गया। इसी तरह प्रांतीय पेंशनर दिवस 2026 में महासमुंद जिले में आयोजित करने के 200 रुपए का सहयोग राशि प्रत्येक सदस्य से जमा करने का अनुरोध किया गया। जिसके लिए पूर्व में आयोजन समिति का गठन किया गया जा चुका है।

समिति के संयोजक बंसीलाल चंद्राकर, सहसंयोजक डॉ राम कुमार चंद्राकर एवं कोष प्रभारी बलराम ध्रुव द्वारा प्रति माह प्रति सदस्य 200 रुपए राशि संग्रहण की जानकारी दी गई। दिसंबर 2025 में बलौदा बाजार में होने वाले पेंशनर दिवस में जाने के संबंध में चर्चा हुई, जिस पर बोधराम साहू, केके हनुमंता, प्रभा पंडा, रामलाल साहू, जेएस अहीर द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। सभी सदस्यों ने जाने के लिए सहमति दिया। प्रतिवर्ष माह नवंबर में जीवन प्रमाण पत्र भरने के संबंध में जानकारी



दी गई। सभी सदस्यों को फॉर्म भी वितरित किया गया और बैंक में जाकर के जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए सूचित किया गया। दीपावली मिलन में उपस्थित सदस्यों ने एक दूसरे को दीपावली पर्व देवउठनी पर्व एवं रजत जयंती राज्य उत्सव की शुभकामनाएं दिए। एसबीआई लाइफ के मैनेजर चंद्राकर द्वारा पेंशनधारी कल्याण संघ को 10 कुर्सियां प्रदाय की गई। साथ ही अगले बैठक में पुनः और कुर्सियां देने की घोषणा की गई। उन्होंने बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं साइबर क्राइम से बचने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। एचआर साहू एवं संपत सिह गौतम द्वारा समस्या रखी गई। जिसके निराकरण के लिए जिलाध्यक्ष द्वारा आश्वासन दिया गया। कुंती देवांगन द्वारा मनमोहक भजन प्रस्तुत किया गया। बैठक के अंत में पेंशनधारी कल्याण संघ के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय नारायण लाल चंद्राकर को प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डा अशोक गिरि गोस्वामी द्वारा विगत माह संगठन द्वारा किए गए कार्यों के संबंध में विस्तार से बताया। संघ के संरक्षक केआर चंद्राकर ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डॉ अशोक गिरि गोस्वामी जिलाध्यक्ष, केआर चंद्राकर, राम कुमार चंद्राकर, सचिव बीआर देवांगन, कार्यालय सचिव बलराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष मनराखन लाल ध्रुव, सदस्य एसआर देवांगन, आरके वर्मा, पवन कुमार देवांगन, महिला प्रकोष्ठ संयोजिका राम बाई गुरुदत्ता, कुंती देवांगन, प्रभा पंडा, रघुनाथ सिन्हा, बैसाखू राम निर्मलकर, बसंत कुमार चंद्राकर, आरके कश्यप, सीआर दीवान, बंसी लाल चंद्राकर,कन्हैया लाल दीवान, भाव सिंह नेताम, चमन लाल चंद्राकर, रघुराज सेन, डीआर सोरी, अरुण बंसोड, चिंतामणि चंद्राकर, मन्नू लाल साहू, के एस देवांगन, सनद कुमार यादव, भोला राम, भानु प्रसाद सूर्यवंशी, केके श्रीवास्तव, सनमान सिंह दीवान, जेएल साहू, ओंकार प्रसाद चंद्राकर, डीसी राव भोसले, एएल साहू, केके चंद्राकर, सालिक राम चंद्राकर, शंकर लाल अग्रवाल, दाऊराम कुरुवंशी, रामकुमार जोगी, महेश शर्मा, पुनीत राम चंद्राकर, एचआर साहू, बोध राम साहू, पुनीत राम चंद्राकर, चिंतामणि चंद्राकर रामनारायण चंद्राकर, भोलाराम, जेएस अहीर, सतीश कुमार पांडे, एससी एल कुशवाहा, धनेश्वर कुमार सिन्हा, शोभाराम कुंजेकार, संतोष मिश्रा, घनश्याम ध्रुव, पीएन चंद्राकर, दाऊलाल अग्रवाल, लेखराम साहू आदि सदस्य उपस्थित रहे।

## दिव्य जीवन संघ का हुआ दीपावली मिलन, शहर के लोग हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 7 नवंबर शुक्रवार को दीपावली मिलन समारोह का आयोजन दिव्य जीवन संघ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4:30 बजे से जय गणेश कीर्तन तत्पश्चात महामंत्र मंत्र का सामूहिक संकीर्तन किया गया। 5 बजे से 07:30 बजे तक भजन-कीर्तन व आरती पश्चात समापन किया गया। अध्यक्ष दौलत चंद्राकर ने कहा कि यह आयोजन धर्म अध्यात्म के साथ योग के स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए किया जाता है। इस अवसर पर संघ के योग गुरु तारेंद्र कुमार चंद्राकर, प्रिया चंद्राकर, फुलवासन देवांगन, मोंटूषि बोस, रुपाली सोनी, नेहल सूचक, आंचल सूचक, सेजल सूचक, मीना गुप्ता, विमला चंद्राकर, प्रेमा चंद्राकर, निर्मला साहू, बसंती साहू, डॉ साधना कसार, कंचन साकरकर, देवेंद्र चंद्राकर, लक्ष्मीनाथ चंद्राकर, केआर चंद्राकर, केएस देवांगन, माणिक राम, नीलमणि चंद्राकर, रामकुमार बजाज, नुकेश चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, राजेश्वर खरे, कपूरचंद साहू, सुनील आर्य, भूषणलाल साहू, चंद्रशेखर साहू, चंद्रिका साहू, नेमीचंद चंद्राकर, महावीर राव पवार, मनकुराम रौतिया, लालदास मानिकपुरी, डीआर सोनी, गौकरण सिंह ठाकुर, केबी साहू, महेंद्र जैन, चोइथराम राजपाल, लालाराम साहू, गोवर्धन साहू, आरती प्रधान, लालिमा चंद्राकर, पूर्णिमा साहू, शिखा साहू, त्रिशा चंद्राकर, मेघा नाशरे, नंदनी चंद्राकर, सुनिता चंद्राकर, हुलसी चंद्राकर, सावित्री चंद्राकर, रमा चंद्राकर, द्रौपदी चंद्राकर, सविता चंद्राकर, भूमिका चंद्राकर, लेखा चंद्राकर, ममता चंद्राकर, अनिता साहू, ज्योति शर्मा, दाऊलाल चंद्राकर, बृजभूषण साहू, श्रवण चंद्राकर, बिजेंद्र साहू, महेश चंद्राकर, अश्विनी तिवारी, हेमंत जैन, मोहन राठौर, राजेंद्र मेहता, बलदाऊ चंद्राकर, अजय गुप्ता, कोमल गुप्ता, वेंकट स्वामी, परमानंद बजाज, सृजन शर्मा, रामनिवास, अमित चंद्राकर, बीडी पकवासा, सदन लाल नामदेव, दिनेश्वरी साहू, कल्याणी चंद्राकर, गीतांजलि चंद्राकर, एकता गुप्ता, किरण चंद्राकर, निरंजना चंद्राकर, संजना नामदेव, कैलाश पटेल, संध्या शर्मा शामिल हुए।

## पटपरपाली में निकाली गई वंदे भारत बाइक रैली



महासमुंद। भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण मंडल द्वारा रविवार को ग्राम पटपरपाली स्थित सार्वजनिक समुदायिक भवन से वंदे भारत बाइक रैली निकाली गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर मौजूद रहे। वंदे मातरम के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित राष्ट्रगीत के 150वें वर्ष के उपलक्ष्य में वंदे भारत बाइक रैली का आयोजन किया गया। भारत माता की जयघोष से वातावरण गूंज उठा और युवाओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इस अवसर पर किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दुबेलाल साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष पिलेश्वर पटेल, मंडल अध्यक्ष बागबाहरा ग्रामीण रुपेश साहू, महामंत्री राजेश ठाकुर, सरपंच प्रतिनिधि एवं साख समिति अध्यक्ष कमलेश साहू, विष्णु साहू, हुमन सेन, कामता दल, चिंताराम साहू, कन्हैया नायक, हरीश जगत,मंडल उपाध्यक्ष खिलावन चंद्राकर, टिकेलाल, उत्तम साहू, जनक साहू, मोहित साहू,मीडिया प्रभारी पीतांबर साहू, राकेश चंद्राकर, कोमल साहू, नेतराम साहू, महेश साहू, मुकेश गुप्ता, रेवा चक्रधारी, पंकज साहू, भीमराज तथा भाजपा के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### गौरव दिवस पर घर-घर जलेंगे दीप

**नगरी।** जनजाति गौरव दिवस एवं भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भाजपा जनजाति मोर्चा द्वारा जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में दुगली में आयोजित कार्यशाला में जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेन्द्र नेताम एवं महामंत्री रामखिलावन कंवर ने बताया कि जनजाति गौरव दिवस इस वर्ष विशेष रूप से प्रत्येक जनजातीय क्षेत्र, हायर सेकेंडरी स्कूल, महाविद्यालय और जनजाति छात्रावासों में मनाया जाएगा। इस दौरान चौक-चौराहों एवं महापुरुषों की मूर्तियों की स्वच्छता और रंग-रोगन के साथ जनजातीय महापुरुषों के जीवन वृतांत पर व्याख्यान कार्यक्रम होंगे। कार्यशाला में संगठन की राजनीतिक भूमिका, जनजाति समाज की समस्याएं एवं उनके निराकरण के उपायों पर भी चर्चा की गई।

## ओडिशा सीएम से की महांती समाज ने मुलाकात



**महासमुंद।** स्थानीय सर्किट हाऊस में ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण मांझी से छत्तीसगढ़ करण महांती समाज का प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर समाज के विभिन्न विषयों से चर्चा की। इस दौरान प्रमुख रूप से अध्यक्ष संजय महांती, तारिणी महिला मंच की अध्यक्ष ससमिता पटनायक, महांती युवा मंच के अध्यक्ष मयंक महांती, प्रभात महांती, आनंद महांती, आशीष महांती, राजेश महांती, रिंकू पटनायक, श्रीकांत महांती आदि मौजूद रहे।

## युवा कांग्रेस ने किया राष्ट्रीय गौशाला का घेराव

### मेटाडोर में गौवंश को मृत स्थिति पर पाये जाने पर उच्चस्तरीय जांच की मांग की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

विगत दिनों ग्राम अछोटा में गौवंश से भरी मेटाडोर पकड़ी गई जिसमें एक गौ माता की मृत्यु एवं 3 गौमाता मूर्छित व्यवस्था में पाई गई थी। क्या कारण था कि छोटी से मेटाडोर में गौ माता की स्थिति काफी दयनीय थी। आखिर आधी रात में गौमाता को चोरी छिपे भेजने का तात्पर्य समझ से परे हैं। क्या गौ माता को तस्करी के लिए ले जा रहा था। यह प्रश्न कई सवालिया निशान खड़े करता है। इसे लेकर युवा कांग्रेस द्वारा राष्ट्रीय गौशाला का घेराव किया गया। युवा कांग्रेस अध्यक्ष हितेश गंगवीर ने




कहा कि आधी रात में गौमाता को कहां लेकर जाया जा रहा था। छोटी से मेटाडोर में भारी मात्रा में गौवंश का मृत स्थिति में पाया जाना घोर निंदनीय कृत्य है। आज गौवंश से भरी मेटाडोर पकड़े जाने पर ऐसा कृत्य उजागर हुआ। इस प्रकरण में एफआईआर दर्ज की गई है। उनमें गौशाला के लोगों व जिनके पास यह गाड़ी भेजी जा रही थी। उनको इस



प्रकरण में सह आरोपी बनाया जाए। इस मामले की उच्चस्तरीय जांच की जाए।

जिला महासचिव गीतराम सिन्हा ने कहा कि भाजपा सरकार एक तरफ गौवंश रक्षा की बात करती है लेकिन भाजपा सरकार में बीफ निर्यात और गौवंश की हत्या अधिक मात्रा में हो रही है। मौके पर नरेन्द्र सोनवानी, उदित साहू, कन्हैया सोनी, राकेश मौर्या, वातांजलि गोस्वामी, कुलेश्वर देवांगन, राजा देवांगन, प्रवीण साहू, गुड्डा दीवान, तोगु साहू, आशुतोष , सूरज पासवान, मिथिलेश साहू, योगेश्वर साहू, लोकेंद्र सिन्हा, आकाश बंजारे, अजय सिन्हा, मुकेश अग्रवाल, अविनाश मरोठे, राजा देवांगन, प्रतीक सोनी, हिमांशु नाग, लेखराम निर्मलकर समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खम्हरिया में इमली पेड़ पर चढ़ा भालू, मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सांकरा

नगरी ब्लॉक के ग्राम खम्हरिया में शनिवार की सुबह उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक भालू घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ पर चढ़ गया। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह मॉर्निंग वॉक पर गए थे तो मल्हारी साइड से दो भालू आ रहे थे जिसमें से एक भालू मुन्ना ध्रुव घर की बाड़ी में लगे इमली पेड़ पर चढ़ गया और दूसरा भालू कहीं जाकर छिप गया। ग्रामीणों ने भालू को देखा और इसकी सूचना सरपंच को दी।



सरपंच ने घटना की जानकारी वन विभाग को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और भालू को सुरक्षित नीचे उतारने के प्रयास शुरू कर दिए। टीम पूरी सतर्कता के साथ रेस्क्यू अभियान में जुटी हुआ था।

# नदी में पानी थमते ही रेत का अंधाधुंध उत्खनन शुरू

- कोलियारी, अमेठी, दर्री, खरेंगा की खदान से निकाली जा रही रेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

नदी में पानी थमने के बाद एक बार फिर अवैध उत्खनन का दौर शुरू हो गया है। कोलियारी, अमेठी, दर्री, खरेंगा की खदान से अंधाधुंध तरीके से रेत निकालना शुरू कर दिया गया है। पानी के बहाव से इन खदानों में नई रेत आई है। प्लास्टर रेत भी नजदीकी खदान से निकालकर सप्लायर महंगे दाम में बेच रहे हैं।

एनजीटी के नियमानुसार बारिश के चार माह नदियों से रेत उत्खनन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी महानदी से खुलकर रेत निकाली गई। मानसून के अंतिम चरण में



जमकर बारिश हुई, जिसके चलते नदी में पानी का बहाव तेज हो गया। बांध से भी बड़ी मात्रा में पानी डिस्चार्ज किया गया, जो बुधवार तक चलता रहा। गुरुवार से महानदी में पानी का बहाव कम हुआ। पानी के बहाव से नदी में बड़ी मात्रा में रेत आई है। अब मटेरियल सप्लायरों में इस रेत को निकालने के लिए होड़ मची हुई है। कुछ तो सीधे भवन निर्माताओं को सप्लाई कर रहे हैं, जबकि कुछ इस रेत को डंप कर रहे हैं। रेत का अवैध कारोबार खुलकर शुरू होने के बाद भी खनिज विभाग की कार्रवाई शुरू नहीं हुई है, जिसका फायदा मटेरियल सप्लायर उठा रहे हैं प्लास्टर रेत की डिमांड

पहले प्लास्टर रेत शहर से दूर खदानों से आ रही थी। वहां पर निकासी शुल्क भी ज्यादा वसूला जा रहा था। डीजल खर्च भी ज्यादा आ रहा था, जिसके चलते मटेरियल सप्लायर महंगे दाम में प्लास्टर रेत बेच रहे थे। अब नदी में नई रेत के साथ प्लास्टर रेत भी आई है। इस रेत को निकालने के लिए मटेरियल सप्लायरों में होड़ मची हुई है। तेजी से निकासी के कारण इन खदानों में प्लास्टर रेत कुछ दिनों बाद खत्म हो जाएगी। प्लास्टर रेत को सप्लायर नजदीकी खदानों से निकालकर महंगे दाम में बेच रहे हैं। इससे उनकी अच्छी बचत हो रही है। कुछ सप्लायर तो प्लास्टर रेत डंप कर रहे हैं।

# सब्जियों के दाम में आई नरमी, ग्राहकों के चेहरे खिले

- इतवारी बाजार अपडेट : भटा, लौकी, कुंदरु ,कुम्हड़ा, केला, टमाटर, पत्तागोभी 20 से 30 रुपए किलो बिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

मौसम में आई हल्की ठंडकता के साथ ही शहर के सब्जी बाजारों में भी राहत का मौसम लौट आया है। लगातार कई हफ्तों तक महंगी बिक रही सब्जियों के दाम में अब गिरावट दर्ज की जा रही है। ग्रामीण इलाकों से बढ़े उत्पादन और भरपूर आवक के कारण धमतरी की मंडियों में सब्जियों की बहार छा गई है। इससे ग्राहकों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है और बाजारों में फिर से चहल-पहल दिखाई देने लगी है।

पिछले महीने तक जो सब्जियां



80 से 100 रुपये प्रति किलो में बिक रही थीं, वे अब आधे दाम पर उपलब्ध हैं। टमाटर, जो कुछ ही दिनों पहले रसोई के बजट को बिगाड़ रहा था, अब 25 से 30 रुपये किलो तक बिक रहा है। भिंडी, लौकी, तोरई और बैंगन जैसी सब्जियों के दाम भी 40 से 50 प्रतिशत तक नीचे आ गए हैं। करेला, जो पहले सौ रुपये किलो में बिक रहा था, अब लगभग 55 रुपये में मिल रहा है। सबसे अधिक राहत टमाटर के दाम में आई गिरावट से मिली है।

सब्जी व्यापारी देवनाथ पटेल बताते हैं कि गांवों में सब्जियों की अच्छी पैदावार हुई है। हर सुबह ट्रैक्टरों और मिनी ट्रकों में भरकर ताजी सब्जियां सीधे धमतरी की मंडियों में पहुंच रही हैं। आवक बढ़ने से भाव अपने आप कम हो गए हैं। किसान लक्ष्मण नेताम का कहना है कि बारिश खत्म होते ही खेतों में सब्जियों की फसल तेजी से बढ़ी है। इस बार मौसम अनुकूल रहने के कारण उत्पादन दोगुना हुआ है और आने वाले दिनों में स्थिति और बेहतर होगी।

इतवारी बाजार के पसरा लगाने वाले गणेश सोनकर, सुमित्रा सोनकर ने बताया कि रविवार को भटा, लौकी, कुंदरु ,कुम्हड़ा, केला, टमाटर, पत्तागोभी 20 से 30 रुपए किलो बिका।

## कथित चंगाई सभा में हुआ हंगामा धर्मांतरण के आरोप पर मचा बवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

शहर की एक कॉलोनी में रविवार की सुबह आयोजित कथित चंगाई सभा को लेकर हंगामा खड़ा हो गया। बताया जा रहा है कि एक मकान में बिना अनुमति के धार्मिक सभा आयोजित की जा रही थी, जिसकी सूचना मिलने पर हिंदू जागरण मंच के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए। उन्होंने सभा को अवैध बताते हुए नारेबाजी की और प्रशासन से तुरंत कार्रवाई की मांग की।

जानकारी के अनुसार यह सभा पिछले कुछ हफ्तों से हर रविवार को आयोजित की जा रही है, जिसमें आसपास के इलाकों से लोग शामिल हो




रहे हैं। रविवार की सुबह जैसे ही कार्यक्रम शुरू हुआ, मोहल्ले के कुछ लोगों ने इसकी सूचना हिंदू संगठन को दी। संगठन के सदस्यों का आरोप है कि इस सभा की आड़ में धर्मांतरण जैसी गतिविधियां की जा रही हैं और हिंदू समाज के लोगों को भ्रमित कर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

मंच के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सभा के दौरान मकान के दरवाजे बंद कर जोर-जोर से प्रार्थना की जाती है, जिससे आसपास के निवासियों को परेशानी होती है। उनका कहना था कि देर रात तक चलने वाली इन बैठकों से इलाके में शांति भंग होती है। उन्होंने मांग की कि जिला प्रशासन इस तरह की अवैध धार्मिक सभाओं पर तत्काल रोक लगाएं और जिम्मेदारों पर कार्रवाई करे। घटना की जानकारी मिलते ही कोतवाली पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाकर माहौल शांत करवाया।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पताः चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर आज से

**महासमुंद।** जिला स्तरीय तीन दिवसीय यूथ रेडक्रॉस प्रशिक्षण शिविर जिला महासमुंद के अंबेडकर (मंगल) भवन संजय कानन के पास में 10 नवंबर से 12 नवंबर तक आयोजित किया जाएगा। डॉ मालती तिवारी शिविर संचालक द्वारा उक्त शिविर के लिए बैठक मंगल भवन में आयोजित किया गया। जिसमें शिविर दिनचर्या एवं रूपरेखा पर विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। प्रतिदिन शिविर में उपस्थित होने वाले अतिथियों का चयन किया गया। शिविर स्थल में रहने, स्नान एवं शौच के लिए व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। संदीप दीवान, देवीचंद राठी एवं मनीष शर्मा द्वारा तात्कालिक शिविर स्थल का जेसीबी द्वारा समतलीकरण करवाया गया। बिजली व्यवस्था का भी तात्कालिक सुधार मनीष शर्मा द्वारा करवाया गया। बैठक में डॉ अशोक गिरी गोस्वामी द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने बताया कि शिविर में लगभग 20 महाविद्यालय के 250 से अधिक यूथ रेडक्रॉस वॉलंटियर्स सम्मिलित होंगे। बैठक में संदीप दीवान सभापति भा.रे क्रॉ. सो एवं अध्यक्ष बाल कल्याण समिति, देवीचंद राठी उपाध्यक्ष नपा, डॉ स्वेतलाना नागल यूथ रेडक्रॉस प्रभारी माता कर्मा कन्या कालेज, मनीष शर्मा पूर्व पार्षद एवं सदस्य प्रबंध समिति एवं यूथ रेडक्रॉस, डॉ जगदीश सत्यम यूथ रेडक्रॉस सहायक प्रभारी शासकीय पीजी कॉलेज, अभिषेक पांडे, आकाश पांडे आदि उपस्थित रहे।

**आंदोलन:** मांगों को लेकर हड़ताल में डटे हैं सहकारी कर्मचारी

# कर्मचारियों की हड़ताल 7वें दिन भी जारी, सोसाइटी में लटका ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

राज्य शासन की ओर से 15 नवंबर 2025-26 से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की तारीख तय कर दी गई है। लेकिन, सहकारी समिति कर्मचारी एवं ऑपरेटरों की अनिश्चितकालीन हड़ताल में चले जाने से काम काज ठप पड़ा हुआ है। वही सोसायटियों के गेट पर ताला लटक रहा है। धान खरीदी पर संकट, फड़ की साफ सफाई व अन्य कार्य पर भी ग्रहण लगा है। अपनी चार सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर समिति प्रबंधक और ऑपरेटर सहित कर्मचारी



प्रदर्शन कर रहे है। इससे किसानों की की चिंता बढ़ गई है। खरीदी के लिए मात्र 4 दिन शेष है। वही 3 नवंबर से हड़ताल शुरू हुई। हड़ताल 7 वां दिन भी जारी रहा। किसान टोकन संबधित जानकारी लेने सोसायटी तक पहुंच रहे है। लेकिन, वहां गेट में ताला लटका हुआ है, इससे किसानों को परेशानी हो रही है। सहकारी समिति कर्मियों की हड़ताल सप्ताह भर हो गए, लेकिन इसका असर उचित मूल्य राशन दुकान हितग्राही राशन दुकान खुलने का राह देख रहा है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति पंक्र 1061 नर्रा के उपार्जन केंद्र में ताला लटकता हुआ।

## राम कथा महोत्सव में पधारे कथा व्यास नारायण महाराज राधा कृष्ण मंदिर बरतियाभांठा में किए दर्शन-पूजन



**भंवरपुर।** भंवरपुर में चल रहे राम कथा महोत्सव के अंतर्गत कथा व्यास नारायण महाराज राधे निकुंज जंजगिरी भिलाई रविवार को बरतियाभांठा पहुंचे। उन्होंने यहां के प्रमुख आस्था केंद्र राधा कृष्ण मंदिर, बरतियाभांठा में पहुंचकर विधिवत दर्शन-पूजन किया। मंदिर प्रांगण में पहुंचने पर भक्तों और स्थानीय नागरिकों ने महाराज का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया। नारायण महाराज ने मंदिर में भगवान राधा-कृष्ण के चरणों में पुष्प अर्पित कर आरती उतारी और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की मंगलकामना की। दर्शन उपरांत उन्होंने उपस्थित श्रद्धालुओं और स्थानीय जनों से आत्मीय भेंट कर आध्यात्मिक चर्चा की। उन्होंने अपने आशीर्वचन में कहा कि भक्ति का अर्थ केवल पूजा-पाठ नहीं, बल्कि प्रेम, सेवा और समर्पण की भावना है। जब मनुष्य अपने कर्मों में ईश्वर को देखता है, तभी जीवन सफल होता है। उन्होंने आगे कहा कि राम कथा का आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि यह हमारे संस्कारों और जीवन मूल्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। कथा श्रवण से मानव जीवन में शांति, सद्भाव और आत्मिक शक्ति का संचार होता है। इस अवसर पर मंदिर के अर्चक पं करुणाकर उपाध्याय ने सपरिवार तथा अन्य श्रद्धालुओं ने महाराज का अभिनंदन किया और उन्हें स्मृति चिह्न भेंट किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## आत्मानंद में इंटर हाउस प्रतियोगिता का आगाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में इंटर हाउस प्रतियोगिता का शुभारंभ हर्षोल्लास और उत्साह के वातावरण में किया गया। आयोजन के प्रथम सप्ताह में एकल नृत्य, समूह लोकनृत्य, एकल एवं समूह गायन प्रतियोगिताएँ हुईं, जिनमें विद्यार्थियों ने अपनी सृजनात्मकता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के संपूर्ण विद्यार्थियों को चार सदनों महानदी, अरपा, शिवनाथ एवं इंद्रावती में विभाजित किया गया है।

महानदी सदन के मेंटर्सः रश्मि राजा एवं श्री शिवेंद्र सिंह सोनवानी, अरपा सदन के मेंटर्सः नेहा दास एवं गजानन प्रधान, शिवनाथ सदन के



मेंटर्सः हिमाद्री प्रधान एवं साकेत रजवाड़े, इंद्रावती सदन के मेंटर्सः मौसमी माथुर एवं गुलाब चौहान। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में मीना एस प्रकाश, जलंधर वर्गे, रेखा पुरोहित, ज्योति सलूजा एवं विनोद चौधरी ने अपनी निष्पक्ष भूमिका निभाई। कार्यक्रम के मध्य विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई साप्ताहिक पत्रिका "नॉलेज बोर्ड" पर आधारित प्रश्नोत्तरी का भी आयोजन किया गया, जिसका संचालन हरीश चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आशीष दास ने छात्रों के आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति की प्रशंसा की। कार्यक्रम के सफल संचालन में सभी शिक्षकों का सहयोग सराहनीय रहा।

# कृतज्ञता दिवस का आयोजन, जुटे हजारों लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

मानवीय शिक्षा शोध केंद्र तेंदूवाही के संचालक शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने बाबा ए नागराज के ज्ञान प्राप्ति के स्मरण दिवस के रूप में कृतज्ञता दिवस का आयोजन किया गया। कृतज्ञता ही मानवीय परंपरा का आधार है। कृतज्ञता, जागृति की ओर प्रगति के लिए मौलिक मूल्य है, संस्कृति व सभ्यता का धारक-वाहक बनने का प्रमाण कृतज्ञ व्यक्ति ही कर सकता है,जो मनुष्य कृतुका वहन करते हैं, उन्ही का आचरण अग्रिम पीढ़ी के लिए प्रेरणा दायी व शिक्षाप्रद होता है। बाबा ने भारतीय ज्ञान परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भारतीय ज्ञान परंपरा का 19वां दर्शन अस्तित्व मूलक मानव केंद्रित चिंतन, मध्यस्थ दर्शन दिया, जिसे जन-जन तक लोक व्यापीकरण में हम जीवन विद्या के



नाम से और स्कूली व महाविद्यालयीन शिक्षा में चेतना विकास मूल्य शिक्षा के नाम से जानते हैं। भारत के 22 राज्यों, संसार के 18 से अधिक देशों, 50 लाख से अधिक लोग मध्यस्थ दर्शन से परिचित हैं, जिसका 28वां जीवन विद्या अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन अभ्युदय संस्थान अछोटी दुर्ग में आयोजित होगा। सभी ने बाबा द्वारा संयम क्रिया से इस उद्घाटित ज्ञान से अपने-अपने जीवन में आए बदलावों को रेखांकित किया। डाक्टर साधन भट्टाचार्य ने कृतज्ञता मनाने के तरीके व कारण, अंकित पोगुला ने युवा पीढ़ी को जागृत करने का उपाय, राममिलन यादव ने और पुष्पेंद्र के प्रयासों को सबने सराहा। लगभग 500 से अधिक किसान, शिक्षक, शिक्षाविद, समाज सेवी उपस्थित रहे।

शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने गांधी विद्या मंदिर, सरदार शहर राजस्थान के संचालक हिमांशु दुग्गर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किए। सभा को डॉ संकेत ठाकुर ने मानव जीवन में कृतज्ञता का महत्व, पूज्य अंबा दीदी ने बाबा जी ए नागराज के साथ बिताए यादगार लम्हों को याद किया। शुभ्रा ठाकुर आकाशवाणी रायपुर ने चेतना विकास मूल्य शिक्षा का ज्ञान देने के लिए कृतज्ञता ज्ञापित की। सभा का संचालन मृदु पोगुला संचालक प्रेरणा विद्यालय ने किया। सभा में उपस्थित पद्मश्री भूषण पोपटराव पवार व केबिनेट मंत्री गौ सेवा आयोग अध्यक्ष विश्वेश्वर दास के प्रति सादर साधुवाद व्यक्त की।



## वंदे भारत बाइक रैली एवं मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला हुई

**बागबाहरा।** भारतीय जनता पार्टी बागबाहरा ग्रामीण मंडल द्वारा ग्राम पटपरपाली स्थित सार्वजनिक समुदायिक भवन में वंदे भारत बाइक रैली एवं मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू तथा मुख्य वक्ता जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर रहे। मुख्य वक्ता भीखम सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में कहा कि मतदाता सूची का गहन पुनरीक्षण लोकतंत्र की नींव को मजबूत करने का अभियान है। हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में जुड़ना और त्रुटिपूर्ण प्रविष्टियों को सुधारना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है।

# महानदी पर सिरपुर-मोहमेला पुल और बैराज निर्माण का रास्ता साफ : चोपड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सिरपुर में आयोजित कबड्डी कार्यक्रम पूर्व विधायक डॉ विमल चोपड़ा बतौर अतिथि शामिल हुए। कबड्डी कार्यक्रम में डॉ. चोपड़ा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि कबड्डी एक देशी और मिट्टी से जुड़ा खेल है, जो ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को एक मंच देता है। उन्होंने खिलाड़ियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और कबड्डी जैसे पारंपरिक खेलों को जीवित रखने के लिए सिरपुर ग्रामवासियों और आयोजकों की पहल की सराहना की।

उद्बोधन के दौरान डॉ चोपड़ा ने ग्रामीणों को बताया कि महानदी पर बहुप्रतीक्षित सिरपुर से मोहमेला तक पुल और बैराज के निर्माण का रास्ता अब साफ हो गया है। डॉ



चोपड़ा और सिरपुरवासियों ने इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सिंचाई मंत्री केदार कश्यप और पूर्व सिंचाई मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त किया। डॉ. चोपड़ा ने बताया कि यह परियोजना, जिसकी समस्त प्रक्रियाएं सात-आठ साल पहले ही पूरी हो चुकी थीं, पूर्व की ओडिशा सरकार की आपत्ति के कारण उस समय शुरू नहीं हो पाई थी। दोनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार होने और ओडिशा सरकार द्वारा अपनी आपत्ति हटा लिए जाने के कारण, पुल और बैराज का निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है।

यह एक बड़ी कल्पना है जो अब साकार होने जा रही है। डॉ. चोपड़ा ने कहा कि इस पुल और बैराज के निर्माण से इस पूरे क्षेत्र में पर्यटन, सिंचाई और आवागमन जैसी मूलभूत सुविधाओं में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। यह परियोजना न केवल कनेक्टिविटी को सुधारने, बल्कि किसानों के लिए सिंचाई के अवसर भी प्रदान करेगी, जिससे क्षेत्र की आर्थिक प्रगति को बल मिलेगा। मुख्यमंत्री और संबंधित मंत्रियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह विकास कार्य क्षेत्र के लोगों के लिए समृद्धि का नया द्वार खोलेगा। इस दौरान भाजपा सिरपुर-पटेवा मंडल महामंत्री गोपी ध्रुव, शंकरलाल ध्रुव, कुबेर निषाद, लालाराम निषाद, बलराम निषाद, दिनेश निषाद और बड़ी संख्या में सिरपुर ग्रामवासी उपस्थित थे।

# राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ दूसरा टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को दूसरा टेस्ट का आयोजन किया गया।



जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में दूसरा टेस्ट पेपर संविधान एवं पंचायतीराज का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ। इसमें संविधान एवं पंचायतीराज आदि के प्रश्न पूछे गए थे। दूसरा टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 86 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 21 परीक्षार्थियों कुल 107 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में तीसरा टेस्ट का आयोजन 16 नवंबर रविवार को विज्ञान, अर्थशास्त्र, आर्थिक सर्वेक्षण, कंप्यूटर का टेस्ट आयोजित होगा। डी. बसंत साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।

# नुआपड़ा विधानसभा के गांवों में चंद्रहास ने भाजपा को जिताने बहाया पसीना

**महासमुंद।** नुआपड़ा विधानसभा उप चुनाव प्रचार के लिए ओडिशा पहुंचे छत्तीसगढ़ बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष (राज्य मंत्री) चंद्रहास चंद्राकर ने नुआपड़ा विधानसभा के ग्रामीण अंचल में बीजेपी प्रत्याशी जय ढोलकिया के पक्ष में आमजन का समर्थन मांगा। उन्होंने बिना थके, बिना रुके जय ढोलकिया की जीत के लिए पसीना बहाया। उन्होंने धरसीवां विधायक अनुज शर्मा के साथ विभिन्न गांवों में सभा ली। नुआपड़ा विधानसभा के बेल्टुकरी गांव में विधायक अनुज शर्मा के साथ उन्होंने भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। बेलटुकरी, सरायपाली, भलेसर सहित अन्य गांवों में चंद्राकर पहुंचे। इस दौरान ओडिशा सरकार में



कैबिनेट मंत्री कृष्णचंद्र पात्रों से मुलाकात कर उनके साथ प्रचार-प्रसार किया। सभी गांवों में भाजपा सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओं तथा भाजपा की रीति नीति से लोगों को अवगत कराकर जन समर्थन हासिल किया। चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की सुशासन के सरकार में आज अंतिम छोर के व्यक्ति का विकास हो रहा है। नुआपड़ा विधान सभा की जनता भी भाजपा को समर्थन दे रहे हैं। इस दौरान ओडिशा सरकार में कैबिनेट मंत्री कृष्णचंद्र पात्रों ने भी संबोधित किया। प्रचार में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अलका चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष लोकेश पुनरिया, मंडल अध्यक्ष डॉली ध्रुव, कोमाखान मंडल महामंत्री लेखमणि पटेल, कुबेर यदु, किरण यदु एवं भाजपा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सिरपुर व बंदोरा के कबड्डी स्पर्धा में शामिल हुए निखिलकांत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

ग्राम सिरपुर व बंदोरा में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता के अवसर पर बतौर अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद निखिलकांत साहू शामिल हुए। साहू का दोनों ग्रामों में स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने फूल माला व स्मृति चिन्ह प्रदान कर नपाध्यक्ष का अभिवादन किया।



इस दौरान खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि सिरपुर अंचल कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजन कराने में अग्रणी है। क्षेत्र में प्रतिवर्ष कबड्डी स्पर्धा का आयोजन कराया जाता है, जिससे अंचल के युवा प्रतिभाओं को हुनर दिखाने का एक बेहतर मंच मिल रहा है। उन्होंने युवाओं को टीम भावना से खेलते हुए बेहतर खिलाड़ी होने का परिचय देने आव्हान किया। उन्होंने कहा कि स्थानीय युवाओं द्वारा गाँव के बुजुर्गों के आशीर्वाद व मार्गदर्शन से जो आयोजन कराए जा रहे हैं, वह सराहनीय है। स्थानीय खेलों को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। उन्होंने ग्रामीण युवा खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सिरपुर के कार्यक्रम में निहाल सोनकर, राजेश ठाकुर, गजाधर धीवर, कामदेव ध्रुव, संतोष पुरी, झुमुक श्रीवास्तव, जयदित्य ठाकुर, कुणाल चंद्राकर सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी प्रकार बंदोरा के कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सौरभ लोध युकां विस अध्यक्ष, शाहबाज राजवानी एनएसयूआई अध्यक्ष, रत्नेश साहू कांग्रेस नेता, जगन्नाथ खैरवार जपं सदस्य, सनद ध्रुव, शंकर पटेल अध्यक्ष युवा समिति, मानसिंग ध्रुव उपाध्यक्ष, धनीराम ध्रुव सचिव, जीवन यादव, ओमप्रकाश यादव, लोमन सिंह, गणेश बरिया, संतोष पटेल पूर्व सरपंच, रीना जैनसिंह कागजी सरपंच बंदोरा व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

online Booking-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 2025, 02 जनवरी, 06 फरवरी, 28 मार्च, 10 अप्रैल, 08 मई, 15 मई, 22 मई, 05 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप) गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

स्वामी जी
93406-38894
By Train-रिजर्वेशन कोच
26 दिसंबर 2025 11 दिन की यात्रा
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर (सीता मैय्या जन्म स्थल), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि टेंपल) लुम्बिनी, काठमांडू, बुढा नीलकंठ, भक्तपुर, पशुपतिनाथ, पोखरा, गुप्तेश्वर, डेविड फॉल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक, मनोकामना देवी,
राशि: स्लीपर-18501/- ऑफर 17,501/-, 3AC-29,501/-ऑफर 27,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)